दिनांक : 06.11.2026 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

अमित शाह- देहरादून

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज देहरादून में उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह में शिरकत की। इस मौके पर श्री शाह ने राज्य की 1 हजार 475 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद गृह मंत्री पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में उत्तराखंड पुलिस को राष्ट्रपति पुलिस ध्वज प्रदान करने के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

सीएम राज्यपाल मुलाकात

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज लोकभवन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पुष्पगुच्छ भेंट कर राज्यपाल का अभिनंदन किया और उन्हें दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच समसामयिक विषयों पर भी चर्चा हुई।

मुरैना में सीएम- स्वामित्व योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज धनतेरस पर मुरैना के ग्राम करुआ में मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इस दौरान ग्रामीणों को उनकी संपत्तियों के स्वामित्व दस्तावेज सौंपने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश में अब तक 17 लाख 9 हजार से ज्यादा रजिस्ट्रियां हो चुकी हैं, जबकि 15 नवंबर तक 20 लाख रजिस्ट्रियां पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है।

पांच नए ग्रीनफील्ड कॉरिडोर

प्रदेश में करीब 63 हजार करोड़ रुपये की लागत से 1 हजार 398 किलोमीटर लंबे पांच नए ग्रीनफील्ड कॉरिडोर बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में इन परियोजनाओं की फिजिबिलिटी रिपोर्ट और डीपीआर तैयार करने की मंजूरी दी गई। इनमें भोपाल-मंदसौर, सागर-सतना, जबलपुर-आशापुर, भोपाल-ग्वालियर और कटनी-सिंगरौली कॉरिडोर शामिल हैं। सभी कॉरिडोर फोरलेन और एक्सेस कंट्रोल्ड होंगे, जिससे प्रदेश के अलग-अलग शहरों के बीच सड़क कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

महाकाल मंदिर में धनतेरस

उज्जैन के महाकाल मंदिर में धनतेरस के साथ आज से दीपोत्सव की शुरुआत हो रही है। सुबह 9 बजे नंदी हॉल में भगवान महाकाल, गणेशजी और माता लक्ष्मी की विशेष महापूजा शुरू हुई। इससे पहले तड़के 4 बजे बाबा महाकाल की भस्म आरती हुई, जिसमें उन्हें चांदी के चंद्र-त्रिशूल, मुकुट और मुंडमाल से सजाया गया।

सांची महोत्सव

रायसेन जिले के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सांची में 28 और 29 नवंबर को दो दिवसीय सांची महोत्सव आयोजित होगा। इसमें देश-विदेश से करीब एक लाख श्रद्धालुओं और पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद है। महोत्सव का मुख्य

आकर्षण भगवान बुद्ध के शिष्यों महामोग्गलान और सारिपुत्र के पवित्र अस्थि कलश होंगे, जिन्हें श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए रखा जाएगा।

फसल गड़मल के संरक्षण के लिए पुरस्कार

बैतूल जिले के भीमपुर ब्लॉक के जनजातीय किसानों को पारंपरिक फसल गड़मल के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। 12 नवंबर को दिल्ली में दामजीपुरा की जनजातीय गड़मल बीज संरक्षक एवं विपणन सहकारी समिति को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से प्रतिष्ठित प्लांट जीनोम सेवियर अवार्ड दिया जाएगा। इसके साथ संस्था को 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि भी मिलेगी।

दीपावली पर पुलिस का अभियान

दीपावली से पहले प्रदेश पुलिस ने अवैध पटाखों और विस्फोटक सामग्री के खिलाफ प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया है। पिछले 10 दिनों में पुलिस ने अलग-अलग जिलों में कार्रवाई कर करीब 73 लाख रुपये कीमत की सामग्री जब्त की है। इसमें कैल्शियम कार्बाइड, पोटाश-सल्फर, बारूद और प्रतिबंधित कार्बाइड गन सहित उन्हें बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री शामिल है।

क्रिकेट

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला कल वेलिंगटन में खेला जाएगा। मैच भारतीय समय के मुताबिक सुबह 7:30 बजे शुरू होगा। पहले मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया था।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश में ठंड का असर धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में करीब 1.5 डिग्री की गिरावट आई है। मौसम विभाग के मुताबिक कल रात शाजापुर के गिरवर में सबसे कम 11.9 डिग्री तापमान दर्ज किया गया, जबकि भोपाल में पारा 13.5 डिग्री रहा। विभाग के मुताबिक प्रदेश में अगले चार दिनों तक बारिश या आंधी का कोई अलर्ट नहीं है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- सुरक्षित बचपन अभियान के तहत आगरमालवा के सांदीपनी विद्यालय मे जागरूक बचपन, बाल सहायता हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं हेल्पलाइन नंबर 15100 के संबंध में जानकारी दी।
- गुना में आयोजित ‘अब हर घर का होगा मालिकाना हक’ कार्यक्रम में ग्रामीणों को स्वामित्व योजना की जानकारी दी।
- शिवपुरी में 'युवा संवाद' एवं 'राष्ट्रीय युवा संसद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवाओं ने सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों की भूमिका निभाते हुए 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विषय पर जोरदार बहस की।

इस बुलेटिन में इतना ही, अगला बुलेटिन सुनिए, शाम 7 बजकर 10 मिनट पर, नमस्कार।